फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

उत्तर प्रदेश पुलिस

प्रेस नोट

दिनांक :- 16.07.2024

श्रावण मास वर्ष- 2024 में कांवड़ यात्रा को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत कानून/शान्ति व्यवस्था एवं यातायात को सुगम व सुदृढ बनाये जाने हेतु अन्तर्जनपदीय गोष्ठी का आयोजन।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री जोगेन्द्र कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ **श्री आलोक प्रियदर्शी** के मार्गदर्शन में आज दिनांक 16.07.2024 को आगामी श्रावण मास-2024 के दृष्टिगत गंगा नदी स्थित पांचालघाट व ढाई घाट जनपद फतेहगढ़ से श्रद्धालुओ द्वारा गंगा जल लेकर जनपद शाहजहांपुर होते हुए गोला गोंकर्णनाथ धाम जनपद लखीमपुर खीरी को जाते है उक्त कांवड यात्रा दिनांक 22.07.2024 (सोमवार) से प्रारम्भ होकर दिनांक 19.08.2024 को सम्पन्न होना है जिसमें पड़ने वाले प्रत्येक सोमवार से 03 दिवस पूर्व (शुक्रवार) सायं सोमवार दोपहर तक जनपद में रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा। कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने व कानून/शान्ति व्यवस्था/यातायात को सुगम,सुदृढ एवं सूचारू रूप से संचालन कराये जाने हेतु जनपद फतेहगढ़ व जनपद शाहजहांपुर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त गोष्टी पांचालघाट स्थित नारायण आश्रम में आयोजित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

गोष्ठी में जनपद फतेहगढ़ से श्रीमान अपर जिलाधिकारी श्री सुभाषचन्द्र प्रजापति, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक, **डा0 संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर श्री रवीन्द्रनाथ राय, प्रभारी निरीक्षक थाना कादरीगेट श्री अवध नरायण पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक राजेपुर श्री रणविजय सिंह, थानाध्यक्ष शमसाबाद श्री बलराज भाटी व थानाध्यक्ष अमृतपुर श्रीमती मीनेश पचौरी तथा यातायात उ0नि0 श्री रजनेश** व जनपद शाहजहांपुर के उच्चाधिकारीगण- अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री मनोज कुमार अवस्थी, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद श्री अजय कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कलान श्री प्रभाष चन्द्र, प्रभारी निरीक्षक मिर्जापुर श्री विनोद कुमार थानाध्यक्ष अल्लागंज श्री ओमप्रकाश, थानाध्यक्ष परौर सोनी शुक्ला उपस्थित रहें।

नोटः- यातायात व्यवस्था हेतु रूट डायवर्जन चार्ट अलग से प्रेषित किया जायेगा।

सोशल मीडिया सेल फतेहगढ़